## बहोरीबंद एवं रीठी थाना क्षेत्र में हुये सड़क हादसे, घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

# हाईवा बना काल: ऑटो को मारी ठोकर किशोरी की मौत, पांच की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





बहोरीबंद थाना क्षेत्र में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार हाईवा ने इलेक्ट्रिक ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में एक किशोरी की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार डिहुँटा निवासी ऑटो चालक देवसिंह यादव ने बहोरीबंद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी इलेक्ट्रिक ऑटो बहोरीबंद बस स्टैंड के पास खड़ी थी। इसी दौरान डिहुँटा जाने के लिए दीक्षा यादव, साक्षी यादव, पूजा बर्मन अपने बच्चों निहाल और चित्रांश के साथ ऑटो में सवार हुईं। इसी बीच सिहोरा की ओर से गिट्टी से भरा तेज रफ्तार हाईवा क्रमांक MP 66 H 1553 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुये ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी।

### उछलकर दूर जा गिरे आटो सवार

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में बैठी महिलाएं और बच्चे उछलकर सड़क पर गिर पड़े तथा सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में 17 वर्षीय साक्षी यादव पिता सरमन यादव) निवासी बहोरीबंद की रास्ते में ही मौत हो गई।

### शादी में शामिल होने जा रही थी

बताया गया है कि साक्षी अपने मामा के यहां डिहुँटा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। घटना के बाद बहोरीबंद थाना पुलिस ने हाईवा चालक रामविश्वास यादव निवासी रीवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पिकअप वाहन पलटने से कई लोग हुये घायल, किया रेफर

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटनी–दमोह मुख्य मार्ग पर बारातियों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय पिकअप में करीब 35 लोग सवार बताए जा रहे हैं। अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर पलट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दुर्घटना में करीब 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को जिला चिकित्सालय कटनी रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य तेजी से किया गया और सभी घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 85 हजार की चपत

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत समदड़िया सिटी में शातिर ठग ने 'नल-जल योजना' का लाभ दिलाने के नाम पर एक बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बनाते हुए हजारों रुपये की चपत लगा दी। पुलिस के अनुसार 62 वर्षीय रेखा तिवारी को एक अज्ञात जालसाज ने संपर्क किया। ठग ने खुद को सरकारी विभाग या योजना से जुड़ा बताते हुए झांसा दिया कि वह उन्हें शासन की महत्वाकांक्षी 'नल-जल योजना' का लाभ दिला सकता है। इस दौरान उसने दस्तावेजों और प्रक्रिया शुल्क के नाम पर महिला का विश्वास जीता। जालसाज ने अलग-अलग बहानों से पीड़िता से कुल 85,000 रुपये की राशि ऐंठ ली। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी योजना का कोई लाभ नहीं मिला और आरोपी ने संपर्क काटना शुरू किया, तब महिला को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### सूने घर में घुसे चोर, तीन गैस सिलेंडर पार

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत बंगला लाइन क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया और गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार बंगला लाइन निवासी राजेश भाटिया के घर पर शनिवार की दरमियानी रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था जिसका फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने रसोई में रखे 3 घरेलू गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। सुबह जब घर की स्थिति देखी गई, तब चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और प्रार्थी राजेश भाटिया की शिकायत पर अपराध दर्ज किया। चोरी के बाद स्थानीय निवासियों में असुरक्षा का माहौल है। लोगों का कहना है कि पॉश इलाकों में इस तरह की वारदातें पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े करती हैं। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब का गहरीकरण

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के (जिला समन्वयक) डॉ. तेज सिंह केसवाल के निर्देशानुसार एवं( विकासखंड समन्वयक) बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में कन्हवारा सेक्टर क्रमांक 03 की नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आरएल चौधरी के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में आदर्श ग्राम मड़ई के ग्राम जुगियाकाप के मुक्ति धाम मार्ग में बने तालाब का गहरीकरण जेसीबी मशीन और ग्रामीणों के श्रमदान से कराया गया जिससे वर्षा का जल एकत्रित हो सके और अधिक समय तक रहे। श्रमदान कार्य में सेक्टर प्रभारी गनपत लाल, राजेश कोल, विजय कोल, दीपक कोल, दुर्गा कोल, बिहारी लाल कोल आदि सम्मिलित रहे।

### आज सौपेंगे ज्ञापन

**कटनी।** गौ माता के सम्मान के लिए आज 27 अप्रैल को एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। सबसे पहले 12 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन के समीप हनुमान मंदिर के पास सभी लोग एकत्रित होंगे। तत्पश्चात हनुमान मन्दिर से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली रेल्वे स्टेशन से प्रारंभ होकर SDM कार्यालय, तहसील कार्यालय विश्राम बाबा के लिए जायेगी जहां प्रार्थना पत्र सौप जायेगा।

### 3 माह से नहीं आ रही पेंशन

**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र में अनेक वृद्ध, विधवा ,दियांक तीन माह से पेंशन नही मिलने के कारण जीवन यापन में बहुत दिक्कत हो रही है ।अर्जुन कोल ने बताया पिछले तीन माह से पेंशन नही आ रही हैं ग्राम की 80 वर्षीय कुसुम बाई ,दिव्यांक सुरेश पटेल ने बताया कि हम लोग की पिछले तीन माह से पेंशन नही आई। अधिकारी बोलते है कि शासन स्तर से अभी किसी की भी पेंशन नही आई है।

## बड़वारा और रीठी क्षेत्र में फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध प्रशासन ने की कार्रवाई

# नरवाई जलाने पर 10 किसानों पर 32500 रूपये का अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

फसल अवशेष (नरवाई) जलाने संबंधी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन करने पर बड़वारा और रीठी तहसील के 10 किसानों पर 32 हजार 500 रुपये का पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (अर्थदंड) अधिरोपित किया गया है। यह कार्रवाई तहसीलदार, बड़वारा और रीठी के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

### इन किसानों पर लगा जुर्माना

एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने बताया कि तहसील बड़वारा में ग्राम सुड्डी के किसान सुधाकर सिंह कुशवाहा और मनोज कुमार पर 2500-2500 रुपये तथा हरिओम और कन्छेदी पर 5000-5000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार तहसील रीठी में ग्राम बिलहरी के किसान दुखिया, राजू और कोसा बाई के विरुद्ध 2500-2500 रुपये और ग्राम बूढ़ा के किसान भरलाल तिवारी/दुर्गाप्रसाद तिवारी पर 5000 और इमताज (भेलिया सुरेन्द्र सिंह/प्रथम सिंह) व किशोरीलाल पर 2500-2500 का जुर्माना लगाया गया है।

### नरवाई जलाने पर अर्थदंड

फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के विरूद्ध 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 2500 रूपये का अर्थदंड प्रति घटना और 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 5 हजार रूपये का अर्थदंड प्रतिघटना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को नरवाई में आग लगाने की प्रति घटना पर 15 हजार रूपये का अर्थदंड का प्रावधान है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों में खड़े डंठलों, फसल अवशेष नरवाई को न जलायें। नरवाई जलने से उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा खेत में नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं उत्पन्न होता है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए किसान भाई नरवाई न जलायें।

# 20 व्यक्तियों पर 10 हजार से अधिक का जुर्माना, 10 मवेशी गौशाला भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ ही नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीती शाम नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने वाले 20 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार 400 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा निर्धारित स्थान पर न डालने एवं अन्य स्वच्छता नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया गया है। इसके साथ ही शहर में आवारा एवं घुमंतू मवेशियों की समस्या के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाते हुए नगर के विभिन्न स्थानों से 10 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर अमीरगंज गौशाला भेजा गया।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन करें तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में

### अपराधी को 3 माह तक पुलिस थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने विजयराघवगढ़ निवासी अश्वनी उर्फ मैदल उर्फ लटल द्विवेदी पिता शिवदत्त द्विवेदी 55 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अश्वनी वर्ष 2001 से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। इसके विरुद्ध अब तक कुल 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें मारपीट, गुंडागर्दी और अवैध रूप से शराब का विक्रय जैसे अपराध शामिल है। न्यायालय द्वारा अश्वनी को तीन प्रकारणों में अर्थ दंड से दंडित किया जा चुका है। जबकि चार प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है और एक प्रकरण में यह दोष मुक्त हो चुका है। अश्वगनी की बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा इसके विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। अश्वनी द्विवेदी द्वारा आपराधिक गतिविधियां जारी रखने, आतंक का पर्याय बनने के कारण यह कार्रवाई की गई है।

### चौपाल में किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी



जल स्रोतों के संरक्षण और कृषि में जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत इमलिया में उद्यानिकी विभाग द्वारा 'पानी चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने 43 किसानों को क्लस्टर आधारित खेती और उससे संबंधित लाभों के बारे में विस्तार से बताया। चौपाल में किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत स्वरोजगार के अवसर और सब्जी, पुष्प और मसाला क्षेत्र विस्तार के साथ–साथ फल उद्यान विस्तार के बारे में अवगत कराया। इस दौरान मौके पर ही फल उद्यान और पीडीएमसी योजना के लाभ हेतु इच्छुक किसानों का चयन किया गया। साथ ही विभाग द्वारा 32 किसानों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर पोर्टल पर उनके पंजीयन की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई।

# पांच दिन बाद मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



तहसील क्षेत्र के अंतर्वेद गांव में पिछले पांच दिनों से तालाब में मौजूद मगरमच्छ को वन विभाग और वन विकास निगम (कुंडम परियोजना) की संयुक्त टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। पकड़े गए मगरमच्छ को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जबलपुर के खंदारी जलाशय में छोड़ा जाएगा। अंतवेद गांव के तालाब में पांच दिनों से मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत थी। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग और वन विकास निगम कुंडम परियोजना की टीम लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही थी। मगरमच्छ को पकड़ने के लिए तालाब में जाल बिछाया गया था।

रेस्क्यू टीम को तब सफलता मिली जब मगरमच्छ का बच्चा बिछाए गए जाल में फंस गया। टीम ने पूरी सावधानी बरतते हुए उसे बाहर निकाला। इस सफल रेस्क्यू के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेंज अधिकारी मनीष अपोर ने बताया कि पकड़ा गया मगरमच्छ अभी काफी छोटा है। उन्होंने पुष्टि की कि रेस्क्यू ऑपरेशन कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित रूप से पूरा कर लिया गया है और मगरमच्छ पूरी तरह सुरक्षित है।

प्रोटोकॉल के अनुसार पहले मगरमच्छ का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद उसे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट के पास स्थित खंदारी जलाशय में सुरक्षित रूप से छोड़ा जाएगा। मगरमच्छ की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों का तालाब से दैनिक कार्यों के लिए पानी का उपयोग (निस्तार) पूरी तरह बंद हो गया था। यह मवेशियों और बच्चों के लिए भी एक बड़ा खतरा बना हुआ था। वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई और सफलता पर स्थानीय लोगों ने विभाग का आभार व्यक्त किया है।

## बहोरीबंद विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में विद्युत व्यवस्था बदहाल

# कहीं बल्लियों के सहारे तो कहीं हवा में झूल रहे बिजली के तार, मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखंड के गांवों में बिजली की बदहाल व्यवस्था इन दिनों किसानों के लिए दुखदायी साबित हो रही है। गांवों में आलम यह है कि कहीं जर्जर पोलों के सहारे तो कहीं पर बल्लियों के सहारे करंट दौड़ रहा है।ऐसे में जहां लोगों को हमेशा जान का खतरा बना रहता है, वहीं दूसरी ओर झूलते तारों के कारण बार-बार बिजली गुल हो जाती है। जिससे वह खासे परेशान हैं। इस समस्या ग्रामीण कई बार बिजली कंपनी के अफसरों को अवगत भी करा चुके हैं। इसके बावजूद भी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

तहसील अंतर्गत ग्राम हिनोउती, कूड़ा घनिया,जुझारी, कलहैया कला,देवरी,पथराड़ी पिपरिया सहित आसपास के गांव में इस समय बिजली व्यवस्था काफी बदहाल है।ग्रामीणों का कहना है कि कई जगह तो पोल क्षतिग्रस्त होने के साथ ही आड़े तिरछे हैं। कहीं जगह तो लकड़ी के सहारे करंट दौड़ रहा है। इसके चलते गांव में अकसर बिजली गुल रहती है। इससे ग्रामीणों व किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।गाँवो मैंबिजली सप्लाई करने वाले तार व पोल दशकों पुराने होने के कारण वह बदहाल स्थिति में पहुंच गए हैं। जरा सी हवा चलने पर तारों के आपस में टकराने से स्पार्किंग होने लगती है। इससे अकसर हादसे का अंदेशा बना रहता है। साथ ही शार्ट सर्किट के कारण गांव में अकसर बिजली गुल रहती है। ग्रामीणों की बार-बार शिकायत के बाद भी अफसरों को इस ओर कोई ध्यान नहीं है।ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक बिजली समस्या से अवगत करा चुके हैं, इसके बावजूद भी बिजली की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ।

### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक अभियंता स्लीमनाबाद अभिषेक गढ़ेवाल का कहना है कि बिजली कंपनी द्वारा कहीं पर भी तारों के लिए लकड़ी की बल्लियों का प्रयोग नहीं किया गया है। अगर कहीं भी बिजली व्यवस्था गड़बड़ है तो दुरुस्त कराई जाएगी।

## परीक्षा केन्द्रों का संभागीय पर्यवेक्षक ने लिया जायजा

# अफसर बनने दो पालियों में 2097 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को कटनी जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित हुआ।जिले में कुल 1401 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे, जिनमें से प्रथम पाली में 1057 अभ्योर्थी उपस्थित रहे। जबकि 344 अभ्य र्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 75.4 फीसदी रहा। वहीं द्वितीय पाली में 1040 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 361 अभ्य्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 74.2 फीसदी छात्र उपस्थित रहे।

परीक्षा की निगरानी हेतु आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक, भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. अशोक कुमार भार्गव ने सभी केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा प्रभारी एवं संयुक्तर कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने भी सुचारू रूप से परीक्षा संचालित कराने सतत निरीक्षण किया।

### केंद्रवार परीक्षार्थियों की संख्या

परीक्षा केंद्र शासकीय गर्ल्स कॉलेज में 300,शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में 450,शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 360 और शासकीय तिलक कॉलेज में 291 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र मिला था।

इन सभी केंद्रों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए भी सख्त इंतजाम किए गए हैं।जिला प्रशासन की मुस्तैदी और सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

### वाटर प्लस मानकों हेतु निगम की तैयारियां पूर्ण

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 के अंतर्गत "वॉटर प्लस (Water+)" मानकों की प्राप्ति हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस संबंध में निगम प्रशासन द्वारा आम सूचना जारी कर बताया गया है कि शहर के समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थित किया गया है तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जारी सूचना के अनुसार कटनी शहर पूर्व से ही खुले में शौच से मुक्त (ODF) तथा ओडीएफ++ (ODF++) घोषित है। अब वाटर प्लस प्रमाणन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई है, जिसके अंतर्गत अपशिष्ट जल प्रबंधन एवं स्वच्छता के उच्च मानकों का पालन किया जा रहा है।

# पीएम के लिये घंटों इंतजार करते रहे परिजन, नहीं आये डाक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग के परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घंटों तक भटकना पड़ा। डॉक्टर अपनी कुर्सी से नदारद रहे।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 10 बजे एक सड़क दुर्घटना में बिरूहली निवासी गया प्रसाद आदिवासी की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस और परिजनों ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए शव को रीठी अस्पताल पहुँचाया। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक परिजन और पुलिसकर्मी डॉक्टर का इंतजार करते रहे। पूरे 4 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई डॉक्टर पोस्टमार्टम के लिए उपलब्ध नहीं हुआ। गमगीन परिजन कभी स्टाफ के सामने हाथ जोड़ते तो कभी अस्पताल के गलियारों में डॉक्टर को तलाशते नजर आए।

### भटकते रहे परिजन

हैरानी की बात यह है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी सिस्टम के आगे लाचार नजर आए। पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू कराने के लिए पुलिस कर्मचारी भी परिसर में भटकते रहे, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई। बाद में बड़गांव से डाक्टर को बुलाया गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही अब परंपरा बन चुकी है। यहाँ पदस्थ डॉक्टर अक्सर ड्यूटी से गायब रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### भूसा का अवैध परिवहन कर रहे तीन वाहन जब्त

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान अवैध रूप से जिले की सीमा से बाहर भूसा ले जा रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार सुबह जब थाना की टीम गस्त पर थी तभी बस स्टैंड की ओर से भूसे से लदे तीन वाहन आते दिखाई दिए। पुलिस ने स्लीमनाबाद तिराहे पर घेराबंदी कर इन वाहनों को रोका। जांच के दौरान निम्नलिखित वाहन पाए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक MP 20 AB 3195, पिकअप क्रमांक MP 04 GB 6386 एवं ट्रैक्टर क्रमांक MP 20 AC 0472 से भूसा जबलपुर ले जाया जा रहा था। वाहनों के चालकों ने अपनी पहचान हरिओम पटेल पनागर, जबलपुर, सुशील गोटिया पनागर, जबलपुर और अभिषेक यादव बाकल के रूप में दी। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे गेहूं का भूसा अवैध रूप से जबलपुर ले जा रहे थे। उनके पास परिवहन से संबंधित न तो कोई वैध दस्तावेज थे और न ही जिला प्रशासन की अनुमति। कटनी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिले से बाहर पशु चारा (भूसा) ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश की अवहेलना करने पर पुलिस ने तीनों वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 223 बीएनएस (BNS) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। तीनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।

### राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने खोला प्याऊ



**स्लीमनाबाद।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद कटनी द्वारा चयनित नवांकुर संस्था संरचना समाज कल्याण समिति, सेक्टर रीठी ने प्रस्फुटन ग्राम हथकुरी में राहगीरों, पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ का शुभारंभ कर मानवता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट संदेश दिया है। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन जाती है, वहीं संस्था द्वारा खोला गया यह प्याऊ आमजन, मवेशियों और पक्षियों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक प्रेरणादायक कदम बताया।उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूरे प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कहीं दीवार लेखन के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है, तो कहीं बोरी बंधान, भूमि पूजन और जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्याऊ की स्थापना कर जल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। संरचना समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। ग्रामीणों, नवांकुर सखियों एवं समिति के सदस्यों ने संकल्प लिया कि जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देंगे।

### फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा। फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 27 अप्रैल तक किया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 15 मई से 25 मई तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में जनभागीदारी को मिला नया आयाम- "राहगीरी डे" में दिया गया स्वच्छता का सशक्त संदेश

# विभिन्न गतिविधियों का लिया आनंद, दौड़-रस्साकशी में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत रविवार को महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड के सामने मुख्य मार्ग पर आयोजित "राहगीरी डे" व्यापक जनसहभागिता के बीच स्वास्थ्य, उत्साह, मनोरंजन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रभावी मंच बनकर सामने आया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर सहित नगर के विभिन्न चिकित्सकों, उद्योगपतियों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, कटनी एक्सरसाइज ग्रुप, योगा ग्रुप सहित बच्चों, युवाओं, मीडिया कर्मियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक शहर के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत योग सत्र के साथ हुई, जिसमें अधिकारी कर्मचारी एवं जागरूक लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाई।





इसके पश्चात साइकिलिंग,मुगदर प्रदर्शन, आत्मरक्षा शस्त्र प्रदर्शन,मैजिक शो,रस्सा खीच, स्केटिंग, म्यूजिकल चेयर, पेंटिंग, रंगोली, शतरंज, कैरम, सांप-सीढ़ी, रस्सी कूद, चम्मच-नींबू दौड़, बोरा दौड़ एवं लंगड़ी जैसे पारंपरिक और मनोरंजक खेलों ने आयोजन को जीवंत और आनंदमय बना दिया।वहीं इको ब्रिक्स स्टॉल एवं एसएसजी समूह द्वारा अनुपयोगी कपड़ों से निर्मित थैले के स्टॉल ने रीसायकल से सृजन की सीख दी।



#### रस्सा खीच में आजमाया दम

राहगीर डे में आयोजित रस्सा खीच गतिविधि में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर के विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों,चिकित्सकों एवं उद्योगपतियों ने सहभागिता करते हुए अपनी ताकत आजमाई जिसमें महिला वर्ग ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों, युवाओं,महिलाओं एवं पुरुषों ने भी रस्सा खीच गतिविधि के प्रतिभागी बने।

राहगीरी डे में तेज संगीत की धुनों पर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए "फिटनेस के साथ स्वच्छता" का संदेश दिया। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को ऊर्जावान बना दिया। जुंबा गतिविधि ने एक बार फिर नागरिकों का विशेष आकर्षण प्राप्त कर फिटनेस का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इन प्रयासों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाने का प्रयास किया गया, जिसकी जनसमुदाय ने सराहना की।

#### छत्तीसगढ़ी नृत्य की मोहक प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान गीतांजलि कला केंद्र कटनी के प्रतिभागियों द्वारा छत्तीसगढ़ी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसकी उपस्थित जनों ने खुलकर सराहना की। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक कार्टून कैरेक्टर गोरिल्ला एवं खरगोश ने भी बच्चों सहित उपस्थित राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींचते हुए उन्हें अपने साथ सेल्फी लेने मजबूर कर दिया। वहीं मैजिक व म्यूजिक शो देखकर लोगों ने तालियां बजाई। कार्यक्रम में पारंपरिक खेलों सांप सीढ़ी, पिटटू में भाग लेकर नागरिकों ने बचपन की यादें ताजा कीं। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल मनोरंजक होते हैं, साथ ही समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं।

#### विजेता प्रतिभागी सम्मानित

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों एवं निगम के स्वच्छता मित्रों को महापौर श्रीमती सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। निगम प्रशासन ने कहा कि ऐसे आयोजन स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ शहर में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसहभागिता की भावना को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

*ग्राम धरवारा की रेशमा गांव की महिलाओं के लिये बनी प्रेरणास्त्रोत*

# आजीविका मिशन ने बदली तकदीर आत्मनिर्भर बन परिवार का बनी सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

हौसले अगर बुलंद हों और सही दिशा में प्रयास किए जाएं, तो परिस्थितियां बदलते देर नहीं लगती। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम धरवारा की रेशमा रजक आज इसी बात की जीती-जागती मिसाल बन गई हैं। कभी 4 से 5 हजार रुपये की मामूली आय में संघर्ष करने वाली रेशमा आज 15 हजार रुपये प्रतिमाह कमाकर अपने परिवार को एक खुशहाल जीवन दे रही हैं।

#### स्व सहायता समूह से मिला 2.60 लाख का ऋण

रेशमा की इस कामयाबी के पीछे 'लहर आजीविका स्व सहायता समूह' का बड़ा योगदान है। समूह से जुड़ने के बाद रेशमा का आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कदम बढ़ाए। उन्होंने अलग-अलग समय पर समूह के माध्यम से कुल 2 लाख 60 हजार रुपये का ऋण लिया। रेशमा ने व्यावसायिक विविधता को अपनाते हुए इस राशि से आय के दो स्त्रोत तैयार किए।



रेशमा ने गाँव की जरूरत को समझते हुए अपने घर से ही कपड़े का व्यापार शुरू किया। गुणवत्ता और व्यवहार कुशलता के कारण उनकी दुकान जल्द ही चल पड़ी। साथ ही ऋण की शेष राशि से उन्होंने उच्च नस्ल की भैंस खरीदी। रेशमा ने भैंसों की देखभाल के लिए अपने परिवार के सदस्यों को भी शामिल किया। वे रोजाना दूध को स्थानीय दुकानदारों और दूध संग्रह केंन्द्रो को बेचती हैं। जिससे उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो रही हैं।

#### आय में तीन गुना बढ़ोतरी

समूह से जुड़ने के पूर्व रेशमा के परिवार की मासिक आय महज 4 से 5 हजार रुपये के आसपास थी, जिससे आवश्यकताओं की पूर्ति कठिन थी। लेकिन आजीविका मिशन के सहयोग से आज उनकी आय बढ़कर 14 से 15 हजार रुपये हो गई है। रेशमा समय पर अपना ऋण भी चुका रही हैं, जिससे समूह में उनकी साख मजबूत हुई है। रेशमा भैंसों के गोबर से जैविक खाद बनाकर अतिरिक्त आय अर्जित करने की योजना भी बना रही है।

#### आत्मनिर्भरता की बनीं मिसाल

रेशमा अपनी सफलता का श्रेय 'लहर आजीविका समूह' और शासन की योजनाओं को देती हैं। वे कहती हैं कि, ₹समूह ने मुझे न केवल पैसा दिया, बल्कि आत्मनिर्भर होकर जीने की पहचान भी दी।₹आज रेशमा न केवल अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पा रही हैं, बल्कि गाँव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में आपका एक सकारात्मक फीडबैक नगर को दिलाएगा राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा सिटीजन फीडबैक अभियान का प्रभावी शुभारंभ किया गया है। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत निगम प्रशासन द्वारा शहर के समस्त नागरिकों से बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने और नगर हित में सकारात्मक फीडबैक देने का आग्रह किया है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे सिटीजन फीडबैक देने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें या https://cf.sbmurban.org/ पर जाकर अपना बहुमूल्य फीडबैक अवश्य दर्ज करें।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह करते हुए अपने संदेश में कहा है कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और स्वच्छ आदतों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नागरिकों से सरल प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनके सकारात्मक उत्तर शहर की रैंकिंग को सीधे प्रभावित करेंगे। आपका एक सही और सकारात्मक फीडबैक न केवल शहर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाएगा, बल्कि हर नागरिक के गौरव को भी बढ़ाएगा। इसके लिए स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर एवं डिजिटल माध्यम से फीडबैक लिया जाएगा। साथ ही, नागरिकों को फोन कॉल के माध्यम से भी फीडबैक देने का अवसर मिलेगा। नगर निगम कटनी द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। प्रमुख सड़कों, बाजारों, आवासीय क्षेत्रों सहित सभी सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई के साथ-साथ जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि स्वच्छता को एक जनभागीदारी अभियान बनाया जा सके। नगर निगम प्रशासन नगर के सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सकारात्मक फीडबैक देकर एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय दें।

# लोक अदालत को लेकर जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलौड़ी

आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित पक्षकारों को लोक अदालत के महत्व, प्रक्रिया और लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी की विशेष भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन और सक्रिय पहल से शिविर सुव्यवस्थित और प्रभावी तरीके से संपन्न हुआ।

उन्होंने सरल भाषा में उपस्थित लोगों को समझाया कि लोक अदालत के माध्यम से लंबित दाण्डिक एवं सिविल प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित निराकरण संभव है।न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने पक्षकारों को प्रेरित करते हुए कहा कि लोक अदालत विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का सशक्त माध्यम है, जहां समय और धन दोनों की बचत होती है। उनके द्वारा दी गई स्पष्ट और व्यवहारिक जानकारी से उपस्थित लोगों में जागरूकता और विश्वास का वातावरण बना।शिविर में यह भी बताया गया कि लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होते हैं, जिससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है।



नागरिकों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।कार्यक्रम की सफलता में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी के कुशल संचालन और जनहितकारी सोच की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसकी सराहना उपस्थित लोगों द्वारा भी की गई। इस पहल से क्षेत्र में न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ी है और आगामी लोक अदालत को लेकर सकारात्मक माहौल बना है।

*आदि गुरू शंकराचार्य की जयंती पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन*

# अद्वैत वेदांत के प्रवर्तक और चार सिद्ध पीठों के संस्थापक के रूप में शंकराचार्य का योगदान वंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद अध्ययन केंद्र के माध्यम से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे समाजकार्य में स्नातक/ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओ , नवांकुर संस्थाओ के प्रतिनिधियों, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष/सचिव एवम् समाजसेवियों के द्वारा विकासखंड स्तरीय आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आदि शंकराचार्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण एवम् शिव स्तुति के साथ की गई।सभी वक्ताओ ने आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें सनातन धर्म के महत्व को जन जन तक पहुंचाने एवम् एक सूत्र में पिरोने के साथ ही सभी जीव एक समान है के भाव को प्रगट करने वाले कहा।



आदि शंकराचार्य का जन्म 507 ईसा पूर्व के आसपास हुआ था, और उनकी शिक्षाएं हिंदू धर्म और दर्शन पर गहरा प्रभाव डालती हैं। उन्होंने भारत के चारो दिशाओं में चार मठों की स्थापना की, जो आज भी प्रसिद्ध और पवित्र माने जाते हैं जिसमें से ज्योतिर्पीठ बदरिकाश्रम, श्रृंगेरी पीठ, द्वारिका शारदा पीठ, पुरी गोवर्धन पीठ हैं। आदि शंकराचार्य की जयंती पर, लोग उनके जीवन और शिक्षाओं को याद करते हैं और उनके द्वारा स्थापित मठों में विशेष पूजा और अनुष्ठान करते हैं। यह दिन हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो आदिगुरु शंकराचार्य की विरासत और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए एक साथ आते हैं। आदिशंकराचार्य शिव के अवतार थे। जनगणना 2026 मै डाला गया प्रकाश -कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह द्वारा जनगणना 2026 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में डिजिटल जनगणना प्रारंभ हो चुकी है। स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक घर बैठे मोबाइल या ऑनलाइन अपनी जानकारी 30 अप्रैल 2026 तक भर सकते हैं। इस हेतु उपस्थित सभी को जागरूक करते हुए स्व-गणना करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन आदर्श धुर्वे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाताओं एवं छात्रों का सराहनीय सहयोग रहा।

इस दौरान बसंत जायसवाल, परामर्शदाता अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष तिवारी एवं उमा अवस्थी सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

*30 अप्रैल तक नागरिक कर सकेंगे ऑनलाइन स्व गणना*

# जनगणना के लिये प्रगणकों-पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मध्य प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत के साथ ही तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को नगर निगम कार्यालय के मेयर इन काउंसिल कक्ष में चतुर्थ चरण के प्रथम दिवस प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों (Supervisors) का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया जो 28 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन नगर जनगणना अधिकारी जागेश्वर पाठक के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर मकान सूचीकरण की प्रक्रिया, भवन, परिवार एवं जनगणना मकान की परिभाषाएं, साथ ही जनगणना अधिनियम एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा डेटा संग्रहण की विधि, तकनीकी पहलुओं और आधुनिक डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर भी विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया।



जनगणना 2027 के प्रथम चरण में स्व-गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक की जा रही है, जबकि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस बार जनगणना में डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसके तहत नागरिकों को आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा दी गई है। सफल पंजीयन के बाद उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 30 अप्रैल तक पोर्टल पर जाकर स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद 1 मई से प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

अभियान का मुख्य संदेश— "चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी"— लोगों को सक्रिय सहयोग के लिए प्रेरित कर रहा है। नगर पालिक निगम द्वारा जागरूकता के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों मे बैनर पोस्टर, लगाए गए है। वही निगम के कचरा संग्रहण वाहनों एवं ई रिक्शा के साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी नागरिकों के मध्य स्व गणना का प्रचार प्रसार किया जाकर शेष दिवस का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील की जा रही हैं। नागरिकों की सुविधा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1855 जारी किया गया है।

### स्वैच्छिक संगठनों की समीक्षा बैठक कल

**कटनी।** म.प्र. जन अभियान परिषद् के द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण हेतु दृष्टि योजनान्तर्गत पंख कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तर पर कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन मंगलवार 28 अप्रैल को दोपहर 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। बैठक के दौरान वन मण्डलाधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जिला परियोजना समन्वयक, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ, परियोजना अधिकारी उद्यानिकी विभाग, महाप्रबंधक लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, संचालक, सामाजिक कल्याण विभाग को अपने विभाग एवं योजना से संबंधित स्वैच्छिक संगठनों के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

# सौ दिवसीय नि:शुल्क योग सत्रों का किया जा रहा है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय 'फ्री योग लाइव सेशन' और विशेष रिहर्सल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी कार्यालय में मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय सेवकों ने अनुलोम-विलोम, कपालभाति और सूर्य नमस्कार जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से 'शंखनाद' के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विशेषज्ञों ने बताया कि शंखनाद करने से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और श्वसन तंत्र की ऑक्सीजन शुद्धीकरण क्षमता में वृद्धि होती है, जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है।

#### 27 मई को होगा विशाल योग कार्यक्रम

जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया कि वर्तमान में आयुष मंत्रालय दिल्ली द्वारा संचालित 14 दिवसीय लाइव ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से सभी शासकीय सेवक योगाभ्यास कर रहे हैं। इन 100 दिवसीय निःशुल्क सत्रों का समापन 27 मई को एक विशाल योग कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। जिले में स्थित विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत योग प्रशिक्षकों द्वारा नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है, ताकि योग दिवस के मुख्य आयोजन तक हर नागरिक योग की बारीकियों से अवगत हो सके।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति
बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

**खबर संक्षेप**

## मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा सम्पन्न

**दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा परीक्षा-2026 (पीएससी) दमोह शहर के उत्कृष्ट विद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, एमएलबी स्कूल और जेपीबी विद्यालय में आयोजित की गई। इसमें पहली शिफ्ट में 1760 में से 1373 उपस्थित हुए साथ ही 387 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली में 1760 में से 1355 उपस्थित हुए साथ ही 405 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा जेपीबी स्कूल में आयोजित पीएससी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण। इसी प्रकार अपर कलेक्टर मीना मसराम ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति नोडल अधिकारी रही।

## जनगणना कार्य शुरू

**दमोह।** जिले में जनगणना कार्य प्रारंभ हो चुका है और इसके अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया कि कई स्थानों पर प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 'स्व-गणना' की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे आम नागरिक घर बैठे अपने मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

सरकार का मुख्य फोकस हर खेत तक पानी पहुँचाने और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो सके- राज्यमंत्री

# दमोह-पथरिया क्षेत्र की सिंचाई योजनाओं की समीक्षा में कार्यों में तेजी लाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने आज दमोह, जटाशंकर स्थित कार्यालय में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ जिले की सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पंचमनगर, सीतानगर, साजली, जूड़ी एवं सतधारू परियोजना की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी परियोजनाओं के कार्यों में तीव्रता लाई जाए तथा किसानों के खेतों तक शीघ्रातिशीघ्र सिंचाई हेतु जल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। दमोह के किसानों की समृद्धि हमारी प्राथमिकता है, बैठक में चल रही योजनाओं की प्रगति, शेष कार्यों तथा आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

राज्यमंत्री श्री पटेल कहा, पंचमनगर क्षेत्र में पाइपलाइन को सीधे खेतों तक पहुँचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। माइक्रो-पाइपलाइन के माध्यम से प्रत्येक ढाई एकड़ पर एक जल बिंदु उपलब्ध कराने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में अभी तक पानी नहीं पहुँचा है, वहाँ कार्य में तेजी लाई जाए। दमोह और पथरिया विधानसभा के ऐसे गाँव, जहाँ अभी सिंचाई सुविधा नहीं पहुँच पाई है, उनके लिए नई योजनाओं पर भी चर्चा करते हुए राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन गाँवों को प्राथमिकता में रखते हुए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए।

उन्होने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घोषित सेमरखो एवं दुनय धाम परियोजना को लेकर भी समीक्षा की। इन योजनाओं से दमोह के लगभग 53 तथा पथरिया के 40-45 गाँवों सहित 100 से अधिक गाँवों को सिंचाई सुविधा मिलने की संभावना है, बैठक में पुराने स्टॉप डैम की क्षमता बढ़ाने पर भी सहमति बनी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने बताया, डैम की ऊँचाई बढ़ाने से अधिक पानी संग्रहित होगा, जिससे सिंचित क्षेत्र (रकबा) में वृद्धि होगी। साथ ही बड़े पुल बनने से आवागमन प्रभावित नहीं होगा और बैकवाटर के माध्यम से आसपास के नालों तक भी पानी पहुँचेगा।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिए कि जून तक अधिकतम पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन गाँवों में आंशिक रूप से पानी पहुँच रहा है, वहाँ की समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जाए ताकि हर किसान को समान रूप से लाभ मिल सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिन स्थानों पर तकनीकी या अन्य बाधाएँ आ रही हैं, उन्हें चिन्हित कर तुरंत समाधान किया जाए। राज्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होने कहा, समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों से स्पष्ट है कि सरकार का मुख्य फोकस हर खेत तक पानी पहुँचाने और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने पर है, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता और आय में वृद्धि हो सके।

# भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट, सोते समय सब्बल से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार/जबेरा



दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के रोंड गांव में रविवार सुबह एक ऐसी वारदात सामने आई जिसने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। यहां एक भतीजे ने अपने ही सगे चाचा की सोते समय सबल (लोहे के औजार) से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 51 वर्षीय चन्नू रैकवार के रूप में हुई है। वह घर के पास बारी (खेत किनारे बने स्थान) में सो रहे थे। सुबह करीब 7 बजे जब उनकी बेटी सुषमा रैकवार उन्हें जगाने पहुंची, तो पिता खून से लथपथ हालत में पड़े मिले। गंभीर हालत में उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मौत से पहले लिया भतीजे का नाम

बेटी सुषमा के मुताबिक, घायल अवस्था में पिता ने खुद बताया कि उन पर हमला उनके भतीजे रामजी रैकवार ने किया है। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया और पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों के अनुसार, चन्नू रैकवार पर सोते समय सबल से 3-4 बार वार किए गए, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। खास बात यह रही कि शरीर पर गंभीर चोटें थीं, लेकिन चेहरे पर कोई निशान नहीं मिला। घटनास्थल पर खून के निशान और आरोपी के कपड़ों पर भी खून लगा होना बताया जा रहा है।

### आरोपी गिरफ्तार, वजह अब भी रहस्य

घटना की सूचना मिलते ही नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने आरोपी रामजी रैकवार को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, हत्या के पीछे की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है, हालांकि शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपी और मृतक के बीच पहले से तनाव था और आरोपी आए दिन धमकी भी देता था।

### सवालों के घेरे में रिश्ते

इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर रिश्तों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ कि भतीजे ने अपने ही चाचा की इतनी बेरहमी से हत्या कर दी? फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस घटना से स्तब्ध है।

# किले वाले बाबा साहब की दरगाह पर उर्स मुबारक में रात भर चला कव्वालियों का जंगी मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के बस स्टैंड स्थित हजरत मलंगशाह वली औलिया रहमतुल्लाह अलैह 'किले वाले बाबा साहब' की दरगाह पर शनिवार, 25 अप्रैल को सालाना उर्स मुबारक कार्यकारिणी अध्यक्ष कुँवर आदित्य वर्धन सिंह हजारी (राजाजी) की अध्यक्षता में बड़े ही अकीदत और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, पूर्व विधायक पीएल रामकली तंतुवाय एवं थाना प्रभारी सुधीर बेगी द्वारा कलाकारों को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इसके पूर्व उर्स संचालक राजेश भाई पटेरिया और रशीद अहमद सिद्दीकी ने मुख्य अतिथियों का पुष्पमालाओं से इस्तकबाल किया।

### रात भर गूंजीं सूफियाना कव्वालियां

रात्रि 10 बजे से कव्वालियों का सिलसिला शुरू हुआ जो अल-सुबह तक जारी रहा। देश के मशहूर कव्वाल सरफराज चिश्ती शाकेब उमर चिश्ती, संबल उ.प्र. एवं ज्योति वारिसी मलिका-ए-तरन्नुम, आगरा उ.प्र. के बीच शानदार जंगी मुकाबला हुआ। कव्वाली की महफिल का रंग और बढ़ाने के लिए दोनों कलाकारों के अपने अंदाज में कुछ नज्में पेश हैं जिसमें चिश्ती सरफराज शाकेब ने जजबा वतन का सीने में, ये सर झुकता है सजदे में, हिंद की मिट्टी की खुशबू है, मेरे मलंग के कब्जे में। तिरंगा है शान हमारी, चिश्ती की पहचान हमारी मुल्क की खिदमत इबादत है, ये तालीम है ख्वाजा की सारी, सरहद पर जो पहरा दें, वो भी वली के दीवाने हैं, भारत माँ के बेटे सारे, एक दूजे के मस्ताने हैं, मलंगशाह की चौखट से। वहीं कब्बाला वारसी ज्योति मलिका-ए-तरन्नुम ने नातिया कलाम अपने सुरीले अंदाज में सुनते हुए, तेरी रहमत का सदका, मेरी बिगड़ी बना दे मदीने की गलियों में, मुझको बुला ले। वो नबी-ए-रहमत हैं, सारे जहां के वास्ते उनके दर का गदा हूं, बस इतनी इनायत कर दे। किले वाले बाबा का, वसीला लेकर आई हूं, नबी के सदके में, झोली फैलाने आई हूं। आदि कव्वालियों के साथ दोनों कव्वालों के बीच पूरी रात शेरो-शायरी और सूफियाना कलाम का जंगी मुकाबला चलता रहा। जायरीनों ने 'वाह-वाह' और 'मुकर्रर' कहकर कलाकारों की हौसला अफजाई की।

### हजारों अकीदतमंद हुए शामिल

उर्स मुबारक में हटा नगर के अलावा पटेरा, हिंडोरिया, दमोह, बटियागढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत की। देर रात तक दरगाह परिसर 'या मलंगशाह' के नारों से गूंजता रहा। उर्स कमेटी के रसीद सिद्दीकी ने बताया कि किले वाले बाबा साहब की दरगाह कौमी एकता की मिसाल है, जहां हर मजहब के लोग अपनी मुरादें लेकर आते हैं।

शहर में पानी की व्यवस्था सुदृण करने कलेक्ट्रेट में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न, दिए गए अहम दिशा-निर्देश

# शहर में पानी पर्याप्त, मिस मैनेजमेंट को दूर किया जाए ताकि आमजनों को सुगमता से मिले पानी-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मेरा मानना हर घर तक पानी पहुँचे, सभी को समान रूप से जल मिले, समय पर मिले, इस तरह की व्यवस्था हमारे नगर वासियों के लिए मिलनी चाहिए। समय-समय पर जब आमजन से चर्चा की, जनप्रतिनिधियों, मीडिया के माध्यम से लगातार ये खबरें आ रही थीं कि लोगों को समय पर पानी नहीं मिल रहा हैं। कोई इसका व्यवस्थित शेड्यूल नहीं है। इसी को व्यवस्था को दुरूस्थ करने के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा आज नगर पालिका के समस्त पार्षदगणों, पदाधिकारियों और नगरपालिका के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री यादव ने सभी पार्षदों से उनके वार्ड में जल की समस्या को लेकर चर्चा की। जहां जिस वार्ड में जो समस्या बताई, उनको दुरुस्त करने के लिए एक प्लान किया गया है। दो तरह के प्लान तैयार किए गए हैं। एक तो तात्कालिक व्यवस्था के तहत और एक दीर्घकालीन व्यवस्था। तात्कालिक व्यवस्था के तहत कि हर हाल में हमें एक या दो दिन के अंदर ये व्यवस्था दुरुस्त करके इसको सुचारू रूप से संचालित करना हैं। कई जो वार्ड पार्षदों ने बताया कि कई जगह बड़े-बड़े लीकेज हैं, गजानन की टंकी के पास बताया कि दो इंच पानी बह रहा है, तो तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा इसी तरह कई वार्डों में तीन टाइम पानी आ रहा है और कई वार्डों में तीन दिन तक पानी नहीं आ रहा है। इसे तत्काल ठीक करने के लिए निर्देश देते हुए कहा जहां डायवर्टर या वाल्व लगाने की ज़रूरत, जहाँ पाइपलाइन बदलने की ज़रूरत है, उसको ठीक किया जाए। सभी नगर वासियों, सभी परिवारों को समान रूप से जल उपलब्ध हो।

### सागर संभाग के EE को दूरभाष पर दिए निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने कहा पार्षदगणों की मांग फाइल बनी, पर फाइल सागर संभाग के EE द्वारा निरस्त कर दी गई। सागर संभाग के EE को भी तत्काल फ़ोन लगाकर निर्देशित किया गया कि आप तत्काल आएं और जो जहाँ तात्कालिक आवश्यकता है, उसका निरीक्षण करें। यदि वास्तव में उनकी मांग जायज है तो उसको तत्काल स्वीकृत करके TS किया जाए ताकि लोगों को समस्या से निजात दिलाई जा सके।

### पानी पर्याप्त, मिसमैनेजमेंट को दूर करने के निर्देश

बैठक में सबसे अच्छी खुशखबरी ये बताई इन पार्षदगणों ने कि यहाँ पानी पर्याप्त है, पर मिसमैनेजमेंट है। पूर्व से तैयारी नहीं हुई है। जो व्यवस्था नगरपालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों को करनी चाहिए, उस पर ध्यान नहीं दिया गया है। इसी कारण से ये समस्या विकराल रूप ले रही है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा तय किया है कि जल्दी से जल्दी व्यवस्थाओं को ठीक किया जाए और एक सप्ताह के अंदर सारी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जायें। इसके लिए सीएमओ दमोह को निर्देशित किया गया है कि पूरे शहर के समस्त 39 वार्डों का एक टाइम टेबल बनाएँ। किस वार्ड में कब पानी जाएगा। साथ ही जो अन्य समस्याएँ बताई वार्ड पार्षदों के द्वारा या अन्य के द्वारा, उन पर भी विचार किया गया। एक-एक करके चर्चा की गई, एक-एक समस्या के समाधान के लिए प्रयास किया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने बताया अभी जो प्रयास है कि एक-दो दिन के अंदर ही पानी नियमित रूप से उनको मिलने लगे। साथ ही कई पार्षदों ने, कई अधिकारी-कर्मचारियों के ने भी अवगत कराया कि हमारे आमजन भी कई जगह टोंटियां नहीं लगाए हैं, खुली पड़ी हैं टोंटियां और ना उन पर ध्यान दे रहे, पानी भरने के बाद नाली में पाइप छोड़ देते हैं, बहता रहता है और उसके कारण से हमारे आगे वाले भाई-बहनों को, परिवारों को जल नहीं पहुँच पाता है।

जो जल स्रोत कुएं, तालाब, नदी आदि के संरक्षण और पुनर्जीवन में शासन को सहयोग करें। हमारा छोटा-छोटा प्रयास एक बड़ा परिवर्तन लाता है, मेरा ऐसा मानना है। और उस दिशा में हम मिलके काम करेंगे, निश्चित रूप से हमें सफलता मिलेगी। नगर पालिका अधिकारी दमोह राजेन्द्र सिंह लोधी ने बताया दमोह नगर में जल संकट को लेकर कलेक्टर सर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य बिंदु अंतर्गत सुझाव और समाधान प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर सर ने सभी पार्षदों से उनके वार्ड की समस्याओं और सुझावों को सुना। इसके आधार पर दो प्रकार के समाधानों में तत्कालिक और स्थायी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में 29 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन



**हटा।** नगर उपकाशी की पुण्यभूमि पर धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत दिव्य आयोजन का शुभारंभ होने जा रहा है। सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में 29 अप्रैल दिन बुधवार 2026 से श्रीमद् भागवत पुराण कथा का भव्य एवं मंगलमय आयोजन किया जा रहा है, यह धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए धर्मलाभ एवं आत्मिक शांति का अनुपम अवसर बनेगा।इस पावन अनुष्ठान के निमित्त पन्या परिवार द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ महंत श्री राम अनुग्रह दास जी महाराज, अजब धाम के पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का आमंत्रण पत्र समर्पित किया गया इस धार्मिक आयोजन के संबंध में चर्चा और उनसे आशीर्वाद लिया पन्या परिवार ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि वह इस दिव्य कथा में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करें तथा अपने जीवन को धर्ममय एवं कल्याणकारी बनाएं।

## श्री नरसिंह महोत्सव जबेरा में 30 अप्रैल से

**जबेरा।** नगर में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवम श्री नरसिंह सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में जबेरा में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से द्वतीय वर्ष श्री नरसिंह महोत्सव 30 अप्रैल एवम 1 मई को जबेरा के खेल मैदान में आयोजित होने जा रहा है जिसमे धार्मिक एवम सांस्कृतिक



प्रस्तुतितयो के साथ स्थानीय कलाकारों के साथ स्थानीय प्रस्तुतियां की जाएगी । कार्यक्रम के प्रथम दिवस 30 अप्रैल को सुबह 8 .30 से 12 बजे तक हवन पूजन एवम साय 5 बजे से दिव्य भव्य कलश एवम शोभायात्रा का तथा रात्रि 8 बजे से स्थानीय प्रस्तुतिया 9 बजे से विख्यात भजन गायक ब्रजेंद्र बृज की भजन संध्या तथा द्वतीय दिवस रात्रि 8 बजे से स्थानीय प्रदतुतिया तथा 9 बजे से विख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर की भजनों की मधुर प्रस्तुति सम्पन्न होगी। उपरोक्त कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा एवम कार्य विभाजन हेतु विगत दिवस जबेरा के खेल मैदान कार्यस्थल पर एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें ग्राम के बड़ी संख्या में सर्वसमाज के सदस्यगण उपजथित हुए जिन्होंने कार्यक्रम को भव्यता से आयेजित करने में अपनी अपनी भूमिका में सक्रिय योगदान देने की बात कही।

## किसानों की सुविधा सर्वोपरि, उपार्जन व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने उपार्जन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अवकाश के दिन का उपयोग करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी और कमियों पर फीडबैक लिया, ताकि समय रहते व्यवस्था में आवश्यक सुधार किया जा सके। उन्होने कहा प्रदेश सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार ने गेहू खरीदी का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन बढ़ा दिया है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे। कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में यह निर्देश दिए गए कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर बारदाना, पर्याप्त तौल कॉटे, पल्लेदार, छाया और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। पहले प्रति केंद्र 1000 मीट्रिक टन प्रतिदिन का लक्ष्य था, जिसे बढ़ाकर 2250 मीट्रिक टन कर दिया गया है। इसके अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होने कहा, किसानों की उपज की सही मात्रा ही खरीदी जाए और तौल के तुरंत बाद उन्हें पक्की रसीद दी जाए, जिससे भुगतान को लेकर किसी प्रकार की चिंता न रहे। उन्होने, परिवहन व्यवस्था को लेकर ट्रांसपोर्टरों को निर्देश दिए खरीदी के बाद तत्काल उठाव किया जाए। ताकि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके और किसानों को समय पर भुगतान मिल सके। साथ ही कंट्रोल रूम को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री यादव ने कहा, प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि समस्या पूरी तरह खत्म हुई है या नहीं। कलेक्टर श्री यादव ने सर्वेयरों को भी निर्देशित किया है, कि शासन द्वारा तय मानकों के अनुसार ही उपज की जांच की जाए। उन्होंने बताया, भारतीय खाद्य निगम (FCI) के माध्यम से कई मानकों में छूट मिली है, जिसका सीधा लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य किसानों को सहज, पारदर्शी और समयबद्ध उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

## तेज रफ्तार कार पलटने से दो की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

**दमोह।** कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बमनी के पास अनियंत्रित होकर एक तेज रफ्तार कार पलट गई.जिससे कार में सवार एक किशोरी और युवक की



घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार लोगों को गंभीर हालत में इलाज के लिए 108 वाहन से दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि गुजरात से अपने घर जौनपुर, यूपी आ रहे थे, तभी रास्ते में बमनी के पास अनियंत्रित होकर कर पलट गई. जिसमें संतोष विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष और शिवानी विश्वकर्मा उम्र 14 वर्ष की मौत हो गई.जबकि जिला अस्पताल में इलाजरत पूजा विश्वकर्मा उम्र करीब 30 वर्ष, संगम विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष, अच्छे लाल विश्वकर्मा उम्र कारीब 32 वर्ष, संदीप विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष सभी निवासी जौनपुर युपी के बताए जा रहे हैं जिनका उपचार जारी है। वहीं मौके पर पुलिस ने पहुंचकर अग्रिम कार्यवाही की।

# ग्राम हिनौताकलां में कार्यक्रम में शामिल हुये सांसद-विधायक गण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां



**दमोह। बांये से** : ए के सिंह, गजेंद्र सिंह (हिनौता), कपिद्वाज सिंह (रीवा), ध्रुव प्रताप सिंह (कटनी), नागेंद्र सिंह (नागोद), पुष्पेंद्र सिंह हजारी, राघवेंद्र सिसोदिया एवम सौरभ सिंह (कटनी)।

गुरुवार को हिनौता कलाँ में दो दर्जन से भी ज्यादा सांसद-विधायक-अध्यक्ष एवं वरिष्ठ राजनेताओं का आगमन हुआ। मौक़ा था, स्व. ठा. लाल सिंह जी के सूपौत्र एवं ठा. गजेंद्र सिंह के सुपोत्र (सोमेंद्र सिंह) के बच्चों के चौक संस्कार कार्यक्रम का। इस अवसर पर पूर्व ग्रह मंत्री एवं वर्तमान में नागोद से विधायक नागेंद्र सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विधायक विजयराघवगढ़ ध्रुव प्रताप सिंह, पूर्व विधायक एवं वर्तमान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कटनी, सौरभ सिंह, विंध्य क्षेत्र के कांग्रेस के कद्दावर नेता कपिद्वाज सिंह (भैया साब), पन्ना जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव प्रताप सिंह, पूर्व राज्य मंत्री राजा पटेरिया, क्षेत्र के वरिष्ठ राजनेता पुष्पेंद्र हजारी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन चंद जैन, पूर्व विधायक पी एल तंतुवाय, रामकृष्ण कुसमारिया के सूपौत्र गिरिराज तथा जनपद / जिला पंचायत से जुड़े वरिष्ठ जन-प्रतिनिधिगण मौजूद थे। जैसा कि विदित है, हिनौता कलाँ स्व. ठा. लाल सिंह के नाम से जाना जाता है और उनके परिवार "बखरी" से आज भी क्षेत्र के साथ अन्य जिलों के लोगों का जुड़ाव बना हुआ है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./लो.नि./निविदा/2026/129 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा, दिनांक 24.04.2026

नगर पालिका परिषद हटा के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु सर्वे / ड्राईंग / डिजाइन सहित डी. पी. आर. तैयार करने हेतु लमसम आधार पर ऐसे वास्तुविदों जिन्हे समान कार्य करने का अनुभव हो, से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण एवं अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट https:// www.mptenders.gov.in पर में देखी जा सकती है।

| टेंडर आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत(लाख रुपए में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_503074_1 | निकाय क्षेत्रांतर्गत गीता भवन निर्माण हेतु डी. पी.आर तैयार करने का कार्य। | 5.00 | 5000.00 | 2000.00 |

शर्तें:- 1. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 25.04.2026 को प्रात: 10 :30 बजे से दिनांक 11.05.2026 को शाम 05 :30बजे तक क्रय किये जा सकते हैं ऑनलाईन निविदा 11.05.2026 को शाम 05 :30 बजे तक जमा कर सकते है। आनलाईन निविदा दिनांक 13.05.2026 प्रात: 11 :00 बजे से खोली जायेंगे। 2. किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जावेगा, किसी समाचार पत्र में कोई संशोधन प्रकाशित नहीं किया जावेगा एवं सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। 3. निविदा की समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होंगी एवं किसी भी निविदा को कारण या बिना किसी कारण के स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय को होगा। 4. निविदाकार उपरोक्त कार्यों हेतु वर्क कांट्रेक्ट पर लागू जी. एस. टी. राशि को छोड़कर अपने वित्तीय प्रस्ताव प्रेषित करें। देयक पर जी.एस.टी. राशि का भुगतान पृथक से किया जावेगा। 5. निविदा की समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हटा जिला-दमोह**